



## एक नजर में

### पीएम् श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा कक्षा छटी की परीक्षा 13 को

**रतलाम।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा कक्षा 6 वीं जवाहर नवोदय विद्यालय कालूखेड़ा में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा रतलाम जिले के रतलाम, सैलाना, पिपलौदा उपखण्डों के 14 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा 13 दिसंबर को प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्राचार्य एस एस पुरवार ने बताया कि इस परीक्षा में कुल 3562 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। चयन परीक्षा के कुशल संचालन के लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक तथा केन्द्र स्तरीय पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया गया है। समस्त अभिभावकों एवं शाला संचालकों को सूचित किया जाता है कि वे अपने पाल्यों/छात्रों के साथ परीक्षा समय से 01 घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित हो। प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र के बिना किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति की अधिकारिक वेबसाईट से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

### व्यास राष्ट्रीय समिति में संयुक्त सचिव मनोनीत

**रतलाम।** अखिल भारत वर्षीय श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था पुष्कर के चुनाव विगत दिनों संपन्न हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में महेंद्र बोहरा जोधपुर निर्वाचित हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र बोहरा ने राष्ट्रीय समिति में संयुक्त सचिव नयन व्यास अध्यक्ष श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज रतलाम को मनोनीत किया। श्री नयन व्यास को मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व मिलने पर रतलाम समाज सचिव कुलदीप त्रिवेदी भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निमिष भाजपा, पार्षद एमआईसी सदस्य धर्मेंद्र व्यास, सकल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संदीप व्यास, मेडिकल कॉलेज के पूर्व डीन संजय दीक्षित, मेडिकल कॉलेज सुपरीटेंडेंट प्रदीप मिश्रा, सर्व ब्राह्मण सभा अध्यक्ष नरेंद्र जोशी ,कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी, शैलेंद्र त्रिवेदी, अजय जोशी, सत्येंद्र, सत्यदीप, विजय शर्मा, अखिलेश व्यास, राजेश ओझा, प्रफुल्ल व्यास, अखिलेश शर्मा, युवा मंच अध्यक्ष सिद्धार्थ जोशी,अभिषेक व्यास,रौनक व्यास, अंबिका प्रसाद व्यास, महेश ओझा, विपिन त्रिवेदी, अजीत व्यास, महिला अध्यक्ष श्रीमती रजनी व्यास,हंसा व्यास, अभिलाषा त्रिवेदी, पुष्पा व्यास, कोकिला ओझा, भावना व्यास आदि ने बधाई प्रेषित की।

### आधुनिक तकनीक से करें गेहूं की खेती

**रतलाम।** उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्रीमती नीलम चौहान ने बताया कि रतलाम जिले में रबी फसलों की बोनी लगभग 3 लाख हेक्टेयर में की जाती हैं जिसमें मुख्य फसले गेहूं, चना, सरसों, अलसी, मसूर, मटर की खेती की जाती है। रतलाम जिले में गेहूं की फसल लगभग 175000 हेक्टेयर में की जाएगी। गेहूं के लिए सामान्यतः नाइट्रोजन (यूरिया), सल्फर एवं पोटाश 4:2:1के अनुपात में खाद (उर्वरक) देना चाहिए। मिट्टी परीक्षण के आधार पर नाइट्रोजन (यूरिया), फास्फेट एवं पोटाश की मात्रा का निर्धारण करें, बुवाई के समय सल्फर एवं पोटाश की पूरी तथा नाइट्रोजन की एक तिहाई मात्रा बुवाई के समय उपयोग करें। नाइट्रोजन यूरिया की शेष मात्रा दो बराबर हिस्सों में बाटकर पहली तथा दूसरी सिंचाई के साथ दे। गेहूं में पहली सिंचाई, बोनी के 25 दिनों के अंतराल में अवश्य करें क्योंकि इस समय क्राउन रूट बनती है जिससे कल्ले ज्यादा होंगे। दूसरी सिंचाई 40 से 45 दिन में, तीसरी सिंचाई 60 से 70 दिन में, चौथी सिंचाई 80 से 90 दिन में, पांचवी सिंचाई 90 से 100 दिन में दुग्धावस्था में देने से अच्छा उत्पादन प्राप्त होता है। नई विकसित किस्म में तीन से चार सिंचाई की आवश्यकता है, 3 से 4 सिंचाई पर्याप्त है उपज 55 से 60 क्विंटल होती हैं। जहां तक संभव हो स्प्रिंकलर का उपयोग करें, गेहूं फसल में फूल अवस्था में स्प्रिंकलर (फव्वारा पद्धति) का उपयोग नहीं करना चाहिए इससे फूल झड़ जाते हैं। रबी फसलों में बीजोपचार एवं भूमि उपचार द्वारा विभिन्न प्रकार की बीमारियों एवं जैविक खाद का प्रबंधन करके अच्छी एवं गुणवत्ता युक्त उपज प्राप्त कर सकते हैं किसान भाई संतुलित मात्रा में खाद (उर्वरक) का उपयोग करें जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं।

### खारीवाल कॉलोनी में आरसीसी नाला निर्माण का भूमि पूजन



**जावरा।** नगर पालिका ने खारीवाल कॉलोनी में आरसीसी नाला निर्माण के कार्य का भूमि पूजन किया। उक्त आरसीसी नाला रेलवे की बाउंड्री के पास से होते हुए जावरा क्लब के आगे तक बनेगा। जिसकी लागत 36 लाख 42 हजार 224 की आएगी। निर्माण के बाद खारीवाल कॉलोनी में काफी समय से पानी भरने की समस्या से वहां के नागरिकों को निजात दिलाने नगर पालिका ने आरसीसी नाला निर्माण का कार्य प्रारंभ किया है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ कडपा,उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, कानसिंह चौहान, वार्ड पार्षद भावना विश्वास शर्मा, मुकेशसिंह तोमर, महेश शर्मा, गोपाल सेठीया, अशोक सिसोदिया, विपिन बैरिया, जितेंद्रसिंह, रविराज सिंह, लच्छू भाई, पप्पू कैथवास आदि कॉलोनीवासी उपस्थित थे। संचालन महेश शर्मा ने किया। आभार गोपाल सेठिया ने माना।

# 8वीं का विद्यार्थी स्कूल की तीसरी मंजिल से कूदा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के एक निजी स्कूल के कक्षा आठवी में पढ़ने वाले छात्र ने स्कूल की तीसरी मंजिल पर पहुंचकर छलांग लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश का मामला सामने आया है। जिसके कारण वह गंभीर घायल हो गया है। छात्रों को निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

**छात्र की स्थित गंभीर, निजी अस्पताल में किया भर्ती**

पुलिस जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के डोंगरे नगर स्थित बोधी इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा आठवीं में पढ़ने वाले 14 वर्षीय छात्र रिशान पिता प्रीतम कटारा ने आत्महत्या करने की कोशिश की। छात्र ने तीसरी मंजिल पर जाकर छलांग लगा दी है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल अवस्था में स्कूल प्रबंधक



नजदीक के सीएचएल हॉस्पिटल में भर्ती कराया। बच्चे की हालत गंभीर होने की वजह से उसे दूसरे हॉस्पिटल गीतादेवी में रेफर किया गया है।

थाना प्रभारी सत्येंद्र रघुवंशी से मिली जानकारी के अनुसार बच्चे की स्थिति नाजुक बनी हुई है। उसका निजी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। बच्चा अभी बदहवास स्थिति होने के कारण बयान लेना मुश्किल है। बच्चों के ठीक होने के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा। मीडिया से चर्चा करते हुए एसडीएम आर्ची हरित ने बताया कि प्राथमिक तौर ऐसा समझ में आ रहा है कि शायद छात्र स्कूल में मोबाइल फोन लेकर आया था। इसके कारण उसके पैरेंट को स्कूल बुलाया गया था, इसे लेकर शायद छात्र बहुत डर गया होगा तथा दौड़कर थर्ड फ्लोर से नीचे कूद गया। उसका इलाज चल रहा है, उसकी हालत स्थिर है। क्या घटनाक्रम हुआ पता करने की कोशिश कर रहे है।

**एसडीएम पहुंची, घटना स्थल का निरीक्षण किया**



कक्षा 8 वीं के छात्र ने स्कूल की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी थी। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए जानकारी संज्ञान में आते ही कलेक्टर मिशा सिंह ने तत्काल एसडीएम आर्ची हरित को घटना स्थल पर निरीक्षण एवं जांच के लिए भेजा। छात्र का निजी अस्पताल मे इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी स्कूल पहुँची और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के कारणों और परिस्थितियों की विस्तृत जांच की जा रही है।

# जीवन में सफल होने के लिए लक्ष्य तय करें : राजावत

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तहत 'मेगा करियर काउंसलिंग' शिविर का आयोजन किया गया। अतिथियों

**शा कन्या महाविद्यालय में 'मेगा करियर काउंसलिंग' शिविर आयोजित**

का स्वागत डॉ. मधु गुप्ता, डॉ. सुरेश चौहान, डॉ. सरोज खरे, डॉ. संध्या सक्सेना, डॉ. वीएस बामनिया, डॉ. स्वर्णलता नागर, डॉ रोशनी रावत द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र की अगली कड़ी में करियर सेल प्रभारी एवं आईक्युएसी प्रभारी डॉ. मणिक डांगे द्वारा समस्त अतिथियों का परिचय दिया गया।

कार्यक्रम में इंदौर के काउंसलर अभिषेक सिंह राजावत ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को अपने जीवन में एक गोल डिसाइड करना चाहिए ताकि जीवन में आगे बढ़ने में मदद करता है। किसी भी सफल व्यक्ति के पीछे उसका गोल कार्य करता है, आप यदि अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ेंगे तो आपको निश्चत रूप से सफलता मिलेगी। जब आप अपना लक्ष्य निर्धारित करें तो सबसे पहले स्किल निर्धारित करें फिर आपकी क्षमताओं के बारे में पता करें, और तीसरी बात अपने ज्ञान को जानें कि किस फील्ड में कितना नॉलेज है हमें फिर ही हम आगे बढ़ें, तभी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

काउंसलिंग के अगले वक्ता इंदौर के ही दीपक सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सफल व्यक्ति के जीवन को जो प्रभावित करता है वो है निर्णय लेना। अगर आपमें सही समय पर सही निर्णय लिया तो वही आपको प्रगति के पथ पर ले जाएगा, वही आपका करियर बनाएगा।

जीवन में यदि आपको कुछ करना ही है तो पहले आपको उसके बारे में सोचना पड़ेगा, आपके दिमाग में उसे बिठाना होगा तभी वह यथार्थ में हो पायेगा।

रोटरी प्लेटिनम की अध्यक्ष एवं पूर्व प्राध्यापक डॉ गीता दुबे ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि महिलाएं अपने जीवन में सबसे ज्यादा त्याग करती है, इसलिए आज के समय में सभी लड़कियों को हिम्मत से आगे बढ़ने का समय है ताकि आप अपने लक्ष्य निर्धारित कर सकें एवं अपनी शक्ति के साथ उसे प्राप्त कर सकें।

रोटरी प्लेटिनम की सचिव श्रीमती वंदना सोनी ने छात्राओं को समय प्रबंधन की सीख दी व बताया कि सभी को अपने कार्य समय पर करने चाहिए तभी वे समय के साथ आगे बढ़ पाएंगे।

इस अवसर पर रोटरी की सदस्या श्रीमती शोभा, श्रीमती कमला गुप्ता महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. नारायण विश्वकर्मा, प्रो रविराज विश्वकर्मा, प्रो. अनुष्का सिंह, डॉ. विजयेंद्र श्रीवास्तव, प्रो. रूपेश सूर्यवंशी, प्रो. सुनीता जैन, विशाल दोहरे सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मीना सिसोदिया ने व आभार डॉ. मधु गुप्ता ने माना।



**लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पथ स्वयं प्रशस्त करें : महाविद्यालय प्राचार्य**

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मंगलेश्वरी जोशी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि एक विद्यार्थी को चाहिए कि वो अपना मार्ग स्वयं निर्धारित करें व अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पथ स्वयं प्रशस्त करें, जब तक आप अपने लक्ष्य अपने गोल के प्रति समर्पित नहीं होंगे, तब तक आप उसे प्राप्त नहीं कर पाएंगे, इसलिए आप समय प्रबंधन के साथ ही अपने लक्ष्य के साथ सामंजस्य निर्धारित करें व पूर्ण सर्मपण के साथ उसे हासिल करें। कार्यक्रम में रोटरी प्लेटिनम क्लब द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ जोशी एवं करियर सेल प्रभारी डॉ मणिक डांगे को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

## रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली चार जोड़ी स्पेशल ट्रेनें पुन : विस्तारित

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली चार जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरों में पुन: विस्तार किया गया है। विस्तारित ट्रेनों में ट्रेन संख्या 09007/09008 वलसाड–खातीपुरा–वलसाड स्पेशल, ट्रेन संख्या 09007 वलसाड–खातीपुरा स्पेशल दिनांक 25 दिसम्बर 2025 तक वलसाड से प्रति गुरुवार प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 09008 खातीपुरा–वलसाड स्पेशल दिनांक 26 दिसम्बर 2025 तक खातीपुरा से प्रति शुक्रवार प्रस्थान करेगी। दूसरी ट्रेन ट्रेन संख्या 06181 कोयंबत्तूर–मदार स्पेशल दिनांक 11 दिसम्बर 2025 तक कोयंबत्तूर से प्रति गुरुवार प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 06182 मदार–कोयंबत्तूर स्पेशल दिनांक 14 दिसम्बर 2025 तक मदार से प्रति रविवार प्रस्थान करेगी। साथ ही तीसरी ट्रेन संख्या 06281 मैसूरू–अजमेर स्पेशल दिनांक 31 जनवरी 2026 तक मैसूरू से प्रति शनिवार प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 06282 अजमेर–मैसूरू स्पेशल दिनांक 2 फरवरी 2026 तक अजमेर से प्रति सोमवार प्रस्थान करेगी और अंतिम चौथी ट्रेन संख्या 08611 संतरागाछी–अजमेर स्पेशल दिनांक 29 दिसम्बर 2025 तक संतरागाछी से प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 08612 अजमेर–संतरागाछी स्पेशल दिनांक 1 जनवरी 2026 तक अजमेर से प्रस्थान करेगी। जानकारी रतलाम मंडल जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीना ने दी।

## तेज चलाकर ट्रैक्टर को पलटाया,युवक की मौत

रतलाम। बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम कागलीखोरा निवासी शंकर पिता भावजी मचार निवासी पुलिस को बताया कि ग्राम चंद्रगढ़ में हुई दुर्घटना में धुलिया पिता शंभू मईड़ा (36) निवासी ग्राम कागलीखोरा की मौत हो गई। फरियादी के अनुसार ट्रैक्टर चालक राजू पिता मईला मचार निवासी कागलीखोरा ट्रैक्टर को तेज चलाते हुए पलटी खिला दिया था। जिससे उसमें बैठे धुलिया की मौत हो गई।

## आज होगा चित्र प्रदर्शनी रथ यात्रा का आगमन

**रतलाम।** नगर आगमन पर सौ.वृ.त. श्री राजेंद्रसूरि त्रिस्तुतिक जैन श्वेतांबर श्री संघ के तत्वाधान में चित्र प्रदर्शनी रथ यात्रा आगमन हो रहा है। परम पूज्य अभिधान राजेंद्र कोष के रचयिता,

**श्री राजेंद्रसूरि त्रिस्तुतिक जैन श्वेतांबर श्री संघ के तत्वाधान में आयोजन**

मोहनखेड़ा के नायक,पुण्य ऊर्जा के पुंज, नाम स्मरण से हाजरा हुजूर,कलिकाल कल्पतरु प्रभु श्रीमद्विजय राजेंद्रसुरिश्वरजी म.सा. के 200 जन्म जयंती 2027 में आ रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए परम पूज्य मुनिराज श्री लाभेषविजयजी म.सा द्वारा संयोजित गुरुदेव के 421 चित्रों की रथ यात्रा पूरे देश में भ्रमण कर रही है। इस रथ यात्रा का उद्देश्य विश्वपूज्य दादा गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्र सुरिश्वर जी म.सा. के सिद्धांतों का प्रचार प्रसार करना है। इसी तारतम में मालवा की हृदयस्थली रतलाम में यह रथ यात्रा 29 नवंबर 2025 को प्रवेश करेगी जो नीम वाला उपाश्रय में दिनांक 30 नवंबर व 1 दिसंबर को प्रदर्शनी लगाई जाएगी।जिसमें दादा गुरुदेव के 421 चित्र हाथों से बने हुए हैं जो दर्शनीय और अलौकिक है।

**कार्यक्रम की रूपरेखा**

30 नवंबर 2025,रविवार को प्रातः 10:00 बजे प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा तथा प्रदर्शनी का अवलोकन रात्रि 8:00 बजे तक व 1 दिसंबर 2025,सोमवार को प्रदर्शनी का अवलोकन प्रातः 9:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक रहेगा। स्थान खेरादीवास स्थित नीम वाला उपाश्रय रहेगा।

## विवाद में किया हम्मला, दो पर प्रकरण दर्ज

रतलाम। विवाद में एक युवक के साथ दो युवकों ने मिलकर मारपीट कर हमला कर घायल कर दिया। घायल की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार माणकचौक थाना क्षेत्र के हरिजन बस्ती के पास स्थित एक शासकीय स्कूल के पास लक्की पिता चंदन भाटी निवासी गवली मोहल्ला लखड़पीठा का अमन उर्फ चनु पिता सुनिल रानवे का विवाद हो गया। विवाद में अमन ने साहिल पिता संजय के साथ मिलकर लकी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी के अनुसार आरोपियों नुकिली वस्तु से हमला कर घायल कर दिया। घायल की रिपोर्ट पर माणकचौक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।




## दुग्ध दिवस पर किया सम्मान

**जावरा।** भारतीय राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन जिला इकाई ने सम्मान समारोह का आयोजित किया। जावरा दुग्ध संघ अध्यक्ष संजय मूंदड़ा, सचिव वैभव चोपड़ा और दुग्ध डेयरी संचालक कैलाश चोपड़ा का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। जिला अध्यक्ष राजकुमार हरण ने कहा कि राष्ट्रीय दुग्ध दिवस प्रतिवर्ष 26 नवंबर को मनाया जाता है। वर्ष 2014 से शुरू हुए इस उत्सव का उद्देश्य दूध और डेयरी उत्पादों के पोषणात्मक महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा डेयरी किसानों और दुग्ध सहकारी समितियों के योगदान को सम्मानित करना है।दुग्ध संघ अध्यक्ष संजय मूंदड़ा ने कहा पहली बार किसी संगठन ने हमारे कार्यों के महत्व को समझकर यह सम्मान दिया है। संगठन सचिव शैलेंद्र श्रीश्रीमाल, मंत्री आशीष सकलेचा, मीडिया प्रभारी प्रतीक लोढ़ा, कोषाध्यक्ष अनिल श्रीश्रीमाल उपस्थित रहे। आभार आशीष सकलेचा ने माना।

## मुस्कान विशेष अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**रतलाम।** मुस्कान विशेष अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गुम हुई बालिकाओं की खोज एवं दस्तयाबी, महिलाओं–बालिकाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम तथा विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में सुरक्षा संबंधी समझ विकसित करना है। एसपी अमित कुमार के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम किए। थाना रिंगनोद अंतर्गत ज्ञानेश्वरी एकेडमी ढोढर, कार्यक्रम में चौकी प्रभारी ढोढर उप निरीक्षक रघुवीर जोशी ने बच्चों से संवाद किया।शारदा विद्या मंदिर पिपलियाजोधा में उप निरीक्षक राजेश मालवीय द्वारा छात्र छात्राओं को महिला एवं बाल अपराधों, सायबर सुरक्षा एवं यातायात सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी।

# जेपीएस में मॉक पार्लियामेंट एवं शिक्षाप्रद का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में जावरा पब्लिक स्कूल में भव्य, सुव्यवस्थित तथा ज्ञानसमृद्ध मॉक पार्लियामेंट सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय लोकतंत्र, संसदीय

**कार्यक्रम से विद्यार्थियों को संविधान की भावना से अवगत कराया**

प्रक्रियाओं, शासन प्रणाली तथा संविधान की मूल भावना से अवगत कराना था। छात्रों ने अपनी प्रतिभा, वक्तृत्व कौशल, तर्कशक्ति और नेतृत्व क्षमता का ऐसा अनुकरणीय प्रदर्शन किया कि पूरा विद्यालय परिसर संसदीय वातावरण में परिवर्तित होता प्रतीत हुआ।कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा वित्त वर्ष 2025–26 का पूर्ण बजट वास्तविक संसद की कार्यप्रणाली के अनुरूप प्रस्तुत किया। विभिन्न मंत्रालयों की जिम्मेदारी निभा रहे छात्रों ने अपने–अपने विभागों को आवंटित राशि का सटीक, सुविचारित और तथ्यपरक विवरण प्रस्तुत किया तथा बताया कि वे इस बजट का उपयोग जनकल्याण, विकास कार्यों, शैक्षिक सुधार, तकनीकी प्रगति, स्वास्थ्य, खेल, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समृद्धि हेतु कैसे करेंगे। दूसरी ओर विपक्ष की भूमिका में विद्यार्थियों ने भी उतनी ही गंभीरता, तैयारी और प्रभावी संवाद शैली का परिचय देते हुए बजट के प्रत्येक बिंदु पर सवाल उठाए। तीखे लेकिन तथ्यपूर्ण प्रश्नों ने दर्शाया कि छात्रों ने न केवल बजट का अध्ययन किया बल्कि शासन व्यवस्था की गहरी समझ भी विकसित की है। यह पारस्परिक बहस, तर्क–वितर्क और प्रत्युत्तर सत्र इस आयोजन का सबसे प्रभावशाली भाग रहा।

संस्था संचालक एवं मुख्य अतिथि विनोद मूणत ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत मॉक पार्लियामेंट की कार्यवाही को अत्यंत सराहनीय, प्रेरणादायक और समय की मांग के अनुरूप बताया तथा कहा आज के विद्यार्थी कल के नेतृत्वकर्ता हैं। मॉक पार्लियामेंट जैसी गतिविधियाँ बच्चों में निर्णय क्षमता, नेतृत्व गुण, संवाद कौशल और राष्ट्रहित में सोचने की मानसिकता विकसित करती हैं। आज बच्चों ने जिस आत्मविश्वास और गंभीरता से संसद जैसी कार्यवाही प्रस्तुत की, वह वास्तव में प्रशंसनीय और विद्यालय के लिए गौरव का विषय है।

**मेडल प्रदान किए:** सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण–पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि ऐसे सम्मान विद्यार्थियों को भविष्य में और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित करेंगे।




**विशेष व्याख्यान** संगीत और विज्ञान के समन्वय का यह प्रयास अत्यंत प्रशंसनीय

# पशु-पक्षियों पर संगीत का प्रभाव विषय पर हुए व्याख्यान

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संगीत (गायन) विभाग में संस्था प्रमुख डॉ एजी पठान के मार्गदर्शन में विशेष व्याख्यान के तहत पशु–पक्षियों पर संगीत का प्रभाव विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस व्याख्यान में प्राचार्य प्रतिनिधि के रूप में डॉ. विद्या तिवारी उपस्थित रहीं। इसके साथ ही संगीत (गायन) विभाग के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया। तत्पश्चात प्राचार्य प्रतिनिधि डॉ. तिवारी ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों द्वारा विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं, उन्होंने संगीत विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि संगीत और विज्ञान के समन्वय का यह प्रयास अत्यंत प्रशंसनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मंजुला ऐलांसे एवं हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आभा सक्सेना ने की। डॉ. ऐलांसे ने अपने उद्बोधन में वर्तमान समय में समाज में संगीत की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में जिस प्रकार का संगीत हमें सुनने को मिल रहा है, उससे वर्तमान पीढ़ी संगीत के मुख्य लक्ष्य से भटक रही है। आज का संगीत युवा पीढ़ी को अश्लीलता की ओर ले जा रहा है, क्योंकि संगीत में जिस प्रकार की शब्द रचनाओं का प्रयोग किया जा रहा है, उसमें द्विअर्थी शब्दों का प्रयोग बहुतायात में हो रहा है, जिससे वर्तमान पीढ़ी को चाहिए कि वह संगीत के सही अर्थ को समझें। इसके साथ ही डॉ.आभा सक्सेना ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कार्यक्रम की सराहना की।



### ध्वनि से हार्मोंस उत्पन्न होते है

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्राणिकी विभागाध्यक्ष डॉ. बीएस किराड़े ने पशु–पक्षियों पर संगीत में होने वाले प्रयोगों की जानकारी देते हुए कहा कि जिस तरह मनुष्य पर संगीत का प्रभाव होता है उसी प्रकार पशु पक्षियों पर भी संगीत का प्रभाव देखने को मिलता है। उन्होंने बताया कि संगीत के प्रयोग द्वारा दुग्ध उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि पशु पक्षी अपने प्रजनन काल में भी एक विशेष प्रकार की ध्वनि का प्रयोग करते हैं, जिसके द्वारा वह अपने साथी पशु पक्षियों को आकर्षित करते हैं, यह भी पशु पक्षियों पर संगीत के प्रभाव का एक उदाहरण है। जिस प्रकार मनुष्यों में अलग–अलग ध्वनि के कारण , अलग–अलग हार्मोंस उत्पन्न होते हैं, ठीक उसी तरह यह ध्वनियां पशु –पक्षियों को भी प्रभावित करती हैं। डॉ. संगीता जटिया, डॉ. एस. के. चौरसिया, डॉ. प्रकाश परमार, डॉ. डी. एस. भदौरिया, डॉ. सरिता बैरवा और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष प्रीति वर्मा ने किया।